सीआईएमपी • गायन, नृत्य, ब्रांड प्रिक्स, नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद और फैशनिस्टा का आयोजन

उद्भव-2025 में वेस्टर्न डांस और अभिनय के साथ छात्राओं ने पेश की छठ महापर्व की महिमा

सिटी रिपोर्टर.पटना

चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की ओर से शनिवार को आयोजित वार्षिक बिजनेस फेस्ट उद्भव-2025 को प्रतिभा, नवाचार और संस्कृति के शानदार संगम के रूप में मनाया गया। उत्सव के दूसरे दिन गायन, नृत्य, ब्रांड प्रिक्स, नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद और फैशनिस्टा की फाइनल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में 650 से अधिक छात्र-छात्रों ने अपनी अभिनय कौशल की प्रदर्शन किया। डांस फ्लोर पर नृत्यांगनाओं ने म्यूजिक बीट पर ठुमका लगाए। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शैक्षणिक व सामजिक मामलों को उजागर किया। छात्रों विभिन्न हिंदी गानों की गायन प्रस्तुत कर माहौल सेट कर दिया। कार्यक्रम में बैंड की सांस्कृतिक प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस तरह से छात्रों ने कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुति लेकर शामें रंगीन की।

विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस डॉ. सुनील कुमार शामिल हुए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों कौ प्रतिस्पर्धी भावना और वसंत के उत्सवमयी माहौल में प्रेरित किया। मुख्य अतिथि और उद्भव चेयरपर्सन प्रोफेसर रंजीत तिवारी ने विजेताओं को पुरस्कार दिए। इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ. राणा सिंह, बिहार सरकार के कृषि विभाग के सचिव संजय अग्रवाल और उद्भव अध्यक्ष डॉ. रंजीत तिवारी शामिल हुए। उन्होंने अपने-अपने विचार रखे। प्रोफेसर संतोष कुमार ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद छात्रों ने सांस्कृतिक संध्या में बैंड की प्रस्तुति का आनंद लिया। प्रोफेसर संतोष कुमार ने धन्यवाद दिया।

प्रतियोगिताएं और भागीदारी

इस बिजनेस फेस्ट ने छात्रों को बिजनेस प्लान, बी-क्विज, ब्रांड प्रिक्स, वेस्ट से बेस्ट, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक, फोटोग्राफी, ग्रुप डांस, सोलो डांस, एथनिक फैशन शो, गायन आदि जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान किया। इसमें 77 विभिन्न संस्थानों के 650 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

Dainik Bhaskar ! Page.No-10 ! Dated:02-02-2025

छात्राओं ने प्रस्तुति से मन मोहा

पटना (आससे)। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पटना ने शनिवार को अपने वार्षिक बिजनेस फेस्ट उद्भव 2025 के दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसे सीआईएमपी के निदेशक प्रो. (डॉ.) राणा सिंह, बिहार सरकार के कृषि विभाग के सचिव संजय अग्रवाल और उद्भव अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रंजीत तिवारी ने किया। इसके बाद, निदेशक प्रो. (डॉ.) राणा सिंह ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने उद्भव 2025 के आयोजनों और बिहार के लिए सीआईएमपी के योगदान को उजागर किया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक शब्दों से उपस्थित प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद, बिहार सरकार के कृषि विभाग के सचिव संजय अग्रवाल ने सभा को संबोधित किया। अपने भाषण में, उन्होंने लॉजिस्टिक्स और बाजारों की आपूर्ति श्रृंखला, सूक्ष्म उद्यमों से लेकर बड़े उद्योगपतियों तक की अर्थव्यवस्था, कृषि गतिविधियों के इमर्शन प्रोग्राम, कृषि स्टार्टअप्स में अंतर, सड़क सुरक्षा के नए पहलू और सतत सीखने के महत्व को रेखांकित किया। उत्सव के दूसरे दिन, उदभव2025 ने गायन, नृत्य, ब्रांड प्रिक्स, नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद और फैशनिस्टा की भव्य फाइनल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, साथ ही बैंड की सांस्कृतिक प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

AAJ ! Page.No-3 ! Dated:02-02-2025

सीआइएमपी में बिजनेस फेस्ट उद्भव का हुआ आयोजन

पटना. सीआइएमपी में शनिवार को वार्षिक बिजनेस फेस्ट 'उद्भव 2025' का शुभारंभ हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत सीआइएमपी के निदेशक प्रो राणा सिंह, कृषि विभाग के सचिव संजय अग्रवाल और उद्भव अध्यक्ष प्रो रंजीत तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर की. इसके बाद निदेशक प्रो राणा सिंह ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने उद्भव 2025 के आयोजनों और बिहार के लिए सीआइएमपी के योगदान की चर्चा की. 77 विभिन्न संस्थानों के 650 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया.

Prabhat Khabar
Page.No-05
Dated:02-02-2025